अमर उजाला

Noida News: नकली जूते बनाने वाली फर्म पर छापा

नोएडा। सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में शनिवार को कंपनी की अधिकृत टीम ने नकली जूते बेचने वाली कंपनी में छापा मारकर 528 जोड़ी जूते बरामद किए। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कंपनी के प्रतिनिधि नीरज कुमार ने बताया कि 16 मई को उनकी टीम ने उनकी कंपनी के नाम का दुरुपयोग कर नकली जूते बनाने वाली फर्म की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस के साथ टीम ने छापा मारकर अलग-अलग कंपनी के जूतों से भरे 12 बॉक्स बरामद किए, जिनमें 528 जोड़ी जूते थे। फर्म कुमारी चांदनी के नाम से संचालित की जा रही थी।

Source: https://www.amarujala.com/delhi-ncr/noida/raid-on-fake-shoe-manufacturing-firm-noida-news-c-1-noi1095-4293918-2026-05-17